इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़... जो आपकी हो

लखनऊ, रविवार, 19 अक्टूबर 2025

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में छात्राओं को मिलेगा मार्गदर्शन

एरा विश्वविद्यालय
जागरूकता कार्यशाला

लखनऊ (सं)। छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करने और उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से एरा यूनिवर्सिटी में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। यह विशेष योजना के अंतर्गत हुई इस कार्यशाला में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना को प्रमोशित और इसके माध्यम से मिलने वाले शैक्षणिक सहयोग के बारे में बताया गया।

कार्यशाला में छात्राओं को जानकारी दी गई कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान डीमेट फाउंडेशन ने उपलब्ध संसाधनों का सही इस्तेमाल समाज की संभावनाओं को बेहतर बना सकता है। उन्हें योजना से जुड़कर अपनी तैयारी को व्यवस्थित करने और भविष्य के करियर रास्तों को तलाशने के लिए प्रेरित किया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि छात्राओं को सरकारी योजनाओं और शैक्षणिक अवसरों के प्रति जागरूक होना चाहिए, ताकि वे आगे महिला के लिए सही निर्णय ले सकें। छात्राओं से यह जानकारी अपने परिवारों तक पहुंचाने की अपील भी की गई, जिससे अधिकाधिक उनके करियर निर्माण में सहयोग कर सकें। कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. विनोद रैकवे, डॉ. विपिन श्रीवास्तव और प्रोफेसर मेजर (डॉ.) मोहम्मद अलाउद्दीन मौजूद रहे। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं, कौशल विकास और करियर विकल्प में फाउंडेशन की अहमियत बताई। विश्वविद्यालय की यह पहल छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।